# क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना

लाड़ली लक्ष्मी पथ, जगनपुर चक, गुना (म.प्र.)–473249

Email- registrar24kttu@gmail.com


**क्रमांक/** 1137 **/ नामांकन/क्रा.ता.वि./2025** **गुना, दिनांक** 20/11/2025

**प्रति,**

प्राचार्य / प्राचार्या,

समस्त संबद्ध शासकीय/ अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय महाविद्यालय,

जिला - गुना, अशोकनगर, शिवपुरी (म.प्र.)

**विषय:-** सत्र 2025-26 स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र / छात्राओं के नामांकन पंजीयन फार्म जमा करने के संबंध में ।

--00--

उपरोक्त विषयांतर्गत सूचित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय में ई – प्रवेश शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेशित छात्र / छात्राओं के वांछित प्रपत्र दिनांक 30/11/2025 तक आवश्यक रूप से नामांकन शाखा में जमा करें ।

शैक्षणिक सत्र 2025-2026 में प्रवेशित छात्र / छात्राओं के विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने प्रपत्र निम्नानुसार है –

1. स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षा के विद्यार्थियों के लिए नामांकन आवेदन की प्रति, गैप प्रमाण-पत्र, मूल माइग्रेशन एवं अर्हता प्रमाण – पत्र (केवल मध्यप्रदेश राज्य के बाहर से उत्तीर्ण विद्यार्थियों हेतु)
2. मूल माइग्रेशन, मूल गेप प्रमाण – पत्र एवं नामांकन आवेदन पत्र की प्रति (केवल मध्यप्रदेश राज्य के अन्य बोर्ड / विश्वविद्यालय / संस्थान से उत्तीर्ण विद्यार्थियों हेतु )
3. समस्त शासकीय/ अशासकीय महाविद्यालयों का सत्र 2025-26 हेतु संबंद्धता विभाग द्वारा जारी नो-ड्यूज पत्र एवं संबंद्धता का पत्र ।
4. विश्वविद्यालय की ई – प्रवेश कॉलेज अनुमोदित सूची ।

अत: उपरोक्तानुसार सत्र 2025-26 में प्रवेशित ऐसे समस्त विद्यार्थियों के प्रपत्र दिनांक 30/11/2025 तक आवश्यक रूप से नामांकन शाखा में जमा करावें । इसके उपरांत भी यदि नामांकन फार्म जमा नहीं कराये जाते है तो ऐसे छात्र / छात्राओं के परीक्षा फार्म नहीं भरे जावेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित छात्र / छात्रा एवं महाविद्यालय प्राचार्य की ही होगी ।

समस्त प्राचार्य यह पूर्णत: सुनिश्चित करें कि जिन छात्र / छात्राओं को उनके अघोषित अथवा प्रतीक्षारत परीक्षा परिणाम के आधार पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अस्थाई प्रवेश ( Provisional Admission) दिया गया है, वे समस्त छात्र / छात्राऐं प्रवेशित पाठ्यक्रम की अर्हताकारी परीक्षा उत्तीर्ण हों, वहीं इसके उपरांत भी यदि ऐसे छात्र / छात्राऐं

अर्हताकारी परीक्षा अनुत्तीर्ण होने पर भी परीक्षा फार्म भरते है अथवा परीक्षा में सम्मिलित होते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित छात्र / छात्रा एवं प्राचार्य की ही होगी ।

**नोट :-** विश्वविद्यालय के समस्त छात्रों हेतु Student Information system (SIS) अनिवार्य होगा, जिससे कि समस्त छात्रों के सभी सत्रों के पुराने परीक्षा आवेदन – पत्र प्रवेश पत्र एवं छात्र का संपूर्ण पुराना अभिलेख अपनी नेट की अंकसूची, Migration, Eligibility, Provisonal Degree उसकी स्वयं की लॉगिन आई.डी. पासवर्ड पर उपलब्ध रहेगा, जिससे छात्र Student Information system (SIS) के माध्यम से आसानी से निकाल सकेगें । छात्रों को अपने कार्य हेतु अन्य स्थानों पर भटकना नहीं पड़ेगा यह Student Information System (SIS) छात्र का ई – प्रवेश द्वारा नामांकन नंबर जनरेट होने के पश्चात नामांकन नंबर से ही किया जायेगा । यह सुविधा पुराने छात्रों हेतु भी अनिवार्य की गई है । पुराने छात्र अपना रजिस्ट्रेशन नामांकन नंबर से Student Information system (SIS) के माध्यम से कर सकते है ।

**(डॉ.ललित कुमार नामदेव)**
**कुलसचिव**
**क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना (म.प्र.)**

**पृ.क्रमांक/1138 /नामांकन/क्रा.ता.वि./2025** **गुना, दिनांक 20/11/2025**

**प्रतिलिपि:-**

1. निज सहायक, माननीय कुलगुरू महोदय जी की ओर सादर सूचनार्थ।
2. नामांकन शाखा, क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना।
3. परीक्षा शाखा वास्ते रिकार्ड ।

**(डॉ. प्रभात चौधरी)**
**प्रवेश प्रभारी / परीक्षा नियंत्रक**
**क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना (म.प्र.)**